भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 4131

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 20 मार्च, 2015/29 फाल्गुन, 1936 (शक) को दिया गया)

<u>निर्वाचन न्यास</u>

4131. श्री अनंत कुमार हेगड़े :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में चल रही कुछ कंपनियों ने कंपनी अधिनियम, 2013 के क्रियान्वयन के आरंभ से ही निर्वाचन न्यास की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी कंपनी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त कंपनियों ने इन न्यासों के माध्यम से राजनीतिक दलों को निधि प्रदान की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी कंपनी-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्री (श्री अरुण जेटली)

(क) और (ख) : केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा दी गई सूचना के अनुसार देश में प्रचालनरत कतिपय व्यवसाय समूहों ने निर्वाचन न्यास स्कीम, 2013 के अधीन निर्वाचन न्यास कंपनियां स्थापित की हैं। अनुमोदित निर्वाचन न्यास कंपनियों के ब्यौरे अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ग) और (घ) : केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) या कारपोरेट कार्य मंत्रालय में केन्द्रीय रूप से ऐसी किसी सूचना का रख-रखाव नहीं किया जाता है ।

*****

अनुलग्नक

"निर्वाचन न्यास" के संबंध में दिनांक 20 मार्च, 2015 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4131 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र.सं.	निर्वाचन न्यास का नाम	व्यवसाय समूह
1	सत्या इलेक्टोरल ट्रस्ट	भारती समूह
2	प्रतिनिधि इलेक्टोरल ट्रस्ट	डीएलएफ समूह
3	पीपुल्स इलेक्टोरल ट्रस्ट	रिलायंस अनिल धीरुभाई अंबानी समूह
4	प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट	टाटा सन्स लिमिटेड
5	जनहित इलेक्टोरल ट्रस्ट	सेसा स्टरलाईट लिमिटेड
6	बजाज इलेक्टोरल ट्रस्ट	बजाज ऑटो होल्डिंग्स प्रा. लिमिटेड
7	जनप्रगति इलेक्टोरल ट्रस्ट	आरपीजी समूह
8	परिबर्तन इलेक्टोरल ट्रस्ट	एम. पी. बिरला ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज
9	समाज इलेक्टोरल ट्रस्ट एसोसिएशन	के. के. बिरला ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज
10	भारतीय सोशलिस्ट रिपब्लिकन इलेक्टोरल ट्रस्ट	कोई व्यवसाय समूह नहीं (इलेक्टोरल ट्रस्ट द्वारा दी गई सूचना के अनुसार)
11	ट्राईम्फ इलेक्टोरल ट्रस्ट	मुरुगप्पा समूह
12	स्वदेशी इलेक्टोरल ट्रस्ट	कोई व्यवसाय समूह नहीं (इलेक्टोरल ट्रस्ट द्वारा दी गई सूचना के अनुसार)
13	गौरी वैलफेयर एसोसिएशन इलेक्टोरल ट्रस्ट	जैन इरिगेशन सिस्टम्स
14	जनता निर्वाचक इलेक्टोरल ट्रस्ट	कोटक महिन्द्रा समूह
15	हारमोनी इलेक्टोरल ट्रस्ट	कल्याणी समूह

*****